# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001

हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463

Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–3578/25 दिनांक 21/04/2025

**अनुस्मारक–4**

सेवा में,

**प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,**
समस्त निजी क्षेत्र नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कार्यालय के पत्र संख्या–3025 / 25 दिनांक 03.04.2025 का संज्ञान लेने का कष्ट करें। इसी क्रम में अवगत कराना है कि कार्यालय के पत्र संख्या–2552 / 25 दिनांक 18.03.2025, पत्र संख्या–2872 / 25 दिनांक 28.03.2025, पत्र संख्या–3169 / 25 दिनांक 07.04.2025 एवं पत्र संख्या–3440 / 25 दिनांक 15.04.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा आपको अवगत कराया गया था कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 में जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेरिट के स्थान पर पारदर्शी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा के माध्यम से कराया जायेगा।

उक्त के क्रम में आपको अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या–I / 687165 / 2024 दिनांक 08.07.2024 के अनुक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में निजी कॉलेजों में जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सीटों पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ के द्वारा सम्पन्न करायी जा रही है। जिस हेतु विज्ञापन जारी किया जा चुका है। जिसे उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट https:// upsmfac.org पर भी डाल दिया गया है।

अतः जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सीटों पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें, जिससे अधिक से अधिक अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सके।

भवदीय,

**सचिव,**
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।